**अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 10.06.2026 को आयोजित जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2, फेज–3 तथा पूर्व निर्मित ग्रामीण पेजयल योजनाओं के अनुरक्षण, रख–रखाव एवं संचालन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त :–**

अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 10–06–2026 को प्रातः 10:30 बजे जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2, फेज–3 अन्तर्गत फर्म क्रमशः मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि०, मै० बी०जी०सी०सी०पी०एल० रामकी (जे०वी०), दिल्ली द्वारा पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यों तथा पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण, रख–रखाव एवं संचालन हेतु फर्म मै० प्रवीन इलैक्ट्रिकल्स प्रा०लि०, मुम्बई द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक में उपरिथिति निम्नानुसार रही –

1. जिला पंचायत राज अधिकारी, हाथरस।
2. श्री विकास वर्मा, सहायक अभियन्ता, (SWSM) उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस।
3. श्री दिनेश बनसोड, डी०पी०एम०, टी0पी0आई0, हाथरस।
4. श्री योगेन्द्र सिंह, परियोजना प्रबंधक, मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि०, हाथरस।
5. श्री मनीष कुमार, डी0पी0एम0, मै० बी०जी०सी०सी०पी०एल० रामकी (जे०वी०), हथरस।
6. श्री अरविन्द कुमार यादव, प्रतिनिधि, मै० प्रवीन इलेक्ट्रिकल्स प्रा०लि०, हाथरस।

बैठक में निम्न बिन्दुओं पर फेजवार एवं कार्यदायी संस्था वार समीक्षा की गयी :–

1. **फेज 02 की समीक्षा** :– सहायक अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि० द्वारा 28 नग पेयजल योजनाओं (102 राजस्व ग्राम) पर पुनर्गठन सम्बन्धी कार्यों के सम्बन्ध में निम्नानुसार अवगत कराया गया :–

| क्र0सं0 | पे0यो0 के घटक | प्रस्तावित कार्य | पूर्ण कार्य | अवशेष कार्य | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नलकूप बोरिंग | 92 नग | 89 नग | 03 नग | मीठे पानी की भूमि के चिन्हांकन की कार्यवाही की जा रही है। |
| 2. | पम्प हाउस | 92 नग | 61 नग | 31 नग | पर्याप्त मैनपावर न होने एवं धन के अभाव में कार्यों की प्रगति धीमी |
| 3. | बाउन्ड्रीवॉल | 81 नग | 61 नग | 20 नग | |
| 4 | शिरोपरि जलाशय | 81 नग | 25 नग | 56 नग | |
| 5 | वितरण प्रणाली | 843 कि0मी0 | 713 कि0मी0 | 130 कि0मी0 | |
| 6 | गृह जल संयोजन | 47645 नग | 41827 नग | 5818 नग | |
| 7 | नियमित जलापूर्ति (राजस्व ग्राम) | 102 | 50 | 52 | |
| 8 | मार्ग पुर्नस्थापन (राजस्व ग्राम) | 102 | 87 | 15 | |

2. **फेज 03 की समीक्षा** :– सहायक अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–3 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै० बी०जी०जी०सी०पी०एल रामकी (जे०वी०) दिल्ली द्वारा 252 नग पेयजल योजनाओं (496 राजस्व ग्राम) पर निर्माण सम्बन्धी कार्यों के सम्बन्ध में निम्नानुसार अवगत कराया गया :–

Scanned with OKEN Scanner

| क्रं0सं0 | पे0यो0 के घटक | प्रस्तावित कार्य | पूर्ण कार्य | अवशेष कार्य | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नलकूप बोरिंग | 363 नग | 307 नग | 56 नग | पर्याप्त मैनपावर न होने एवं धन के अभाव में कार्यों की प्रगति धीमी |
| 2. | पम्प हाउस | 363 नग | 249 नग | 114 नग | |
| 3. | बाउन्ड्रीवॉल | 363 नग | 142 नग | 221 नग | |
| 4 | शिरोपरि जलाशय | 255 नग | 112 नग | 143 नग | |
| 5 | वितरण प्रणाली | 2653 कि0मी0 | 2025 कि0मी0 | 628 कि0मी0 | |
| 6 | गृह जल संयोजन | 160061 नग | 84866 नग | 75195 नग | |
| 7 | नियमित जलापूर्ति (राजस्व ग्राम) | 496 | 171 | 325 | |
| 8 | मार्ग पुर्नस्थापन (राजस्व ग्राम) | 496 | 319 | 177 | |

**3. पूर्व निर्मित पे0यो0 की समीक्षा** :– सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 प्रवीन इलेक्ट्रिकल्स मुम्बई द्वारा 39 नग पेयजल योजनाओं (47 राजस्व ग्राम) पर अनुरक्षण, संचालन एवं रख–रखाव सम्बन्धी कार्यों के सम्बन्ध में निम्नानुसार अवगत कराया गया:–

| क्रं0सं0 | पे0यो0 की संख्या | आंशिक रूप से संचालित श्रेणी अन्तर्गत कुल पे0यो0 की सं0 | पूर्ण रूप से बन्द श्रेणी अन्तर्गत कुल पे0यो0 की सं0 | आंशिक रूप से संचालित पे0यो0 की सं0 | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 39 नग | 16 नग | 23 नग | 27 (16+11) नग | |

बैठक में उपस्थित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 16 नग आंशिक रूप से संचालित पे0यो0 पर पेयजल आपूर्ति की जा रही है एवं पूर्ण रूप से बन्द श्रेणी अन्तर्गत 11 नग पे0यो0 पर नियमित पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी गयी है। शेष पर कार्य प्रगति पर है।

**5. नल जल मित्र की समीक्षा** :– सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जपनद में 467 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 612 नग नल जल मित्र का नामांकन कराया जाना है जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 405 नग नल जल मित्र के नामांकन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है शेष नामांकन का कार्य प्रगति पर है। जिस पर अद्योहस्ताक्षरी द्वारा नल जल मित्र नामांकन का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

| क्रं0सं0 | ग्राम पंचायतों की संख्या | प्रस्तावित नल जल मित्र नामांकन | वर्तमान प्रगति | अवशेष |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 467 | 612 | 414 (67.64%) | 198 |

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा जनपद में जिन पंचायतों में नल जल मित्र नामांकन का कार्य शेष है, के विकास खण्ड वार सूची तैयार कर जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध कराने एवं शेष नल जल मित्र नामांकन के कार्य को जिला पंचायत राज अधिकारी से समन्वय स्थापित कर आगामि बैठक पर शत् प्रतिशत पूर्ण करने हेतु सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया।

**6. जल अर्पण की समीक्षा** :– सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जपनद में 5 नग पे0यो0 पर जल अर्पण का कार्यक्रम कराया जा चुका है। साथ ही जिन पे0यो0 पर नियमित

Scanned with OKEN Scanner

जलापूर्ति की जा रही है, को ओ०एण्ड०एम० अन्तर्गत सम्मिलित करने उपरान्त जल अर्पण का कार्यक्रम कराया जाना है।

**7. आर0पी0डब्ल्यू0एस0एस0 (सुजलम आई0डी0) की समीक्षा** :– सहायक अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जपनद में 295 नग पे०यो० की आर०पी०डब्ल्य०एस०एस० (सुजलम आई०डी०) जे०जे०एम० ईशबोर्ड 2.0 पर बनाये जाने हैं जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 111 नग एकल ग्राम पे०यो० के आर०पी०डब्ल्यू०एस०एस० (सुजलम आई०डी०) आई०डी० बनाने के कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं शेष 184 नग ग्राम समूह पे०यो० के आर०पी०डब्ल्यू०एस०एस० (सुजलम आई०डी०) आई०डी० के सापेक्ष 145 नग आई0डी0 बनायी जा चुकी है शेष आई०डी० बनाने की कार्यवाही की जा रही है।

| क्र0सं0 | घटक | प्रस्तावित | पूर्ण | शेष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एकल ग्राम योजनाएं | 111 | 111 | 0 |
| 2 | ग्राम समूह योजनाएं | 184 | 145 | 39 |
| योग | | 295 | 256 | 39 |

बैठक के अन्त में अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत अनारम्भ तीन नग पे0यो0 पर तत्काल से कार्य प्रारम्भ करने, अनारम्भ शिरोपरि जलाशयों की विकास खण्डवार सूची आगामी बैठक में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया एवं बैठक में उपस्थित समस्त सम्बन्धितों को दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

(पी०एन० दीक्षित)
मुख्य विकास अधिकारी
हाथरस

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, हाथरस

पत्रांकः– 1069 / बैठक / वि०वि०प्रशा० / 42 दिनांकः– 17/06/2026

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. आयुक्त महोदया, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़।
3. जिलाधिकारी महोदय, हाथरस।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, हाथरस।
5. अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस।
6. जिला समन्वयक, मैचज टैक्नो कॉन्सेप्ट (डी०पी०एम०यू०), हाथरस।
7. डी०पी०एम०, टी0पी0आई0, हाथरस।
8. परियोजना प्रबंधक, मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि०, हाथरस।
9. डी०जी०एम०, मै० बी०जी०सी०सी०पी०एल० रामकी (जे०वी०), हाथरस।
10. परियोजना प्रबंधक, मै० प्रवीन इलेक्ट्रिकल्स प्रा०लि०, हाथरस।

मुख्य विकास अधिकारी
हाथरस